Title: Need to open a Central School at Motihari in Bihar.

श्री राधामोहन सिंह (मोतिहारी): अध्यक्ष महोदय, मैं केन्द्रीय मानव संस्थान विकास मंत्री का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र मोतिहारी की ओर दिलाना चाहता हूं। यह एक ऐतिहासिक जिला है और इसका नाम आजादी से जुड़ा हुआ है। यहां की जनता पिछले काफी समय से एक केन्द्रीय विद्यालय खोलने की मांग करती आ रही है और इसका समर्थन क्षेत्र के प्रतिनिधियों द्वारा समय-समय पर किया गया है। मैं भी काफी समय से जनता की यह मांग केन्द्र सरकार से कर चुका हूं।

मेरा माननीय मंत्री महोदय से अनुरोध है कि मोतिहारी (बिहार) में एक केन्द्रीय विद्यालय की स्वीकृति देने की कृपा करें, जिससे क्षेत्र की जनता की यह मांग पूरी हो सके और साथ-साथ बच्चों को अच्छी पढ़ाई की सुविधा मिल सके।